दैनिक भास्कर

# तसई में नकली शराब का कारखाना पकड़ा

**Alwar News - कठूमर| सहायक आबकारी अधिकारी निरोधक दल के नेतृत्व में आबकारी पुलिस और कठूमर पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए...**

Apr 06, 2020, 08:41 AM IST

Hindi News | Rajasthan | Alwar

Kathumar News rajasthan news fake liquor factory caught in tasai

कठूमर| सहायक आबकारी अधिकारी निरोधक दल के नेतृत्व में आबकारी पुलिस और कठूमर पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए उपखंड के तसई गांव में छापेमारी कर नकली शराब बनाने का कारखाना पकड़ा है। कार्यवाही में भारी मात्रा में नकली शराब बनाने का सामान जप्त किया गया है। दल अधिकारी ज्ञान प्रकाश मीना ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि तसई में करमपाल सिंह नकली शराब का कारखाना चला रहा है। जिसमें नकली शराब बनाई जा रही है। जिस पर संयुक्त पुलिस टीम ने छापेमारी कर कार्यवाही की। जिसमें 52 लीटर हथकड़ देशी शराब, 58 आईबी ब्रांड के नकली अंग्रेजी शराब के पव्वे, 34 एमसीडी नकली शराब के पव्वे, नकली शराब की पैकिंग मशीन, आठ हजार पैकिंग ढक्कन, विभिन्न ब्रांडों के 6500 रैपर व 250 पैकिंग कार्टन जप्त किए है। वही आरोपी करमपाल सिंह मौके से फरार हो गया। कार्यवाही में आबकारी के सीआई राजगढ़ कीर्ति सिंह मीना, एसएचओ लक्ष्मणगढ़ हेमराज सिंह और कठूमर सीआई मय पुलिस मौजूद रहे।

Source: https://www.bhaskar.com/news/rajasthan-news-fake-liquor-factory-caught-in-tasai-084135-6980083.html